# नारीलोक

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल

अगस्त 2022 अंक 289



अध्यक्षीय कार्यालय
NEELAM SETHIA
28/1 Shivaya Nagar 4th Cross
Reddiyur, Salem 636004. (TN)
9952426060
neelamsethia@gmail.com


## अध्यक्षीय अनुभूति

सम्माननीय बहनों,

स्वतन्त्रता दिवस की हीरकोत्तर जयन्ती पर आप सभी के लिये मुक्त चेतना की अनुशंसा!! स्वतन्त्र भारत के पन्द्रहवें राष्ट्रपति के रूप में श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के निर्वाचन ने जहां भारत को दूसरी महिला राष्ट्रपति दी है, वहीं हम महिलाओं के लिए भी अत्यन्त गौरव का विषय है कि आज फिर से एक महिला ने राष्ट्र के सर्वोच्च पद का भार संभाला है। इस दिन को देखने के लिए हमारे देश ने बड़ी कीमत चुकाई है।

आज से ठीक पचहत्तर वर्ष पहले, सदियों से पड़ी दासता की बेड़ियों को तोड़कर देश ने मुक्त हवाओं में सांसें भरी थी। बहुत महंगी कीमत चुकानी पड़ी थी, इस आजादी की। न जाने कितने वीरों का रक्त बहा, कितनी माँओं की ममता ने स्वतन्त्रता की बलिवेदी पर अपने प्राणों का उत्सर्ग किया, कितनी ललनाओं का सिन्दूर हंसते-हंसते इस आजादी के लिये मर मिटा! इन आजादी के परवानों के दम पर ही हम गुलामी की जिल्लत भरी जिंदगी से निकल कर खुले आकाश में ऊंची उड़ानें भरने का, स्वाभिमान के साथ सिर ऊंचा कर दुनिया के सम्मुख खड़े होने का गौरव हासिल कर पाए हैं। लेकिन इस आजादी को अक्षुण्ण रखना न केवल सीमा प्रहरियों की वरन् देश के बच्चे से लेकर बूढ़े तक सभी की जिम्मेदारी है। इसलिये याद रखें, संविधान ने स्वतन्त्रता के साथ जीने के हमें जितने अधिकार दिये हैं, उससे कहीं ज्यादा राष्ट्र के प्रति कर्त्तव्यों का निर्वहन हमारी प्रथम प्राथमिकता होनी चाहिये।

चलिये, मौसम भी है और मौका भी है कि स्वतंत्रता शब्द के सही अर्थ को समझ लिया जाए। दो शब्दों से बना यह छोटा सा शब्द प्राणी मात्र के लिये आनन्दमय जीवन का आधार सूत्र है।

स्व+तन्त्र अर्थात् खुद पर खुद का नियंत्रण। शायद ही इस सृष्टि का कोई भी प्राणी स्वेच्छा से किसी और के तन्त्र के अधीन रहना चाहेगा। जैसे देश को आजादी पाने के लिये लंबा संघर्ष करना पड़ा, ठीक उसी तरह एक व्यक्ति को अपनी व्यक्तिगत स्वतंत्रता हासिल करने के लिये अथक पुरुषार्थ और पल-पल जागरूक रहने की आवश्यकता है। अन्यथा स्वतंत्रता स्वच्छंदता में परिवर्तित होकर पूरे समाज और देश का नुकसान कर बैठेगी। स्वतंत्रता जहां संगीत सी कर्णप्रिय लगती है, वैसे स्वच्छंदता शोर सी प्रतीत होती है।

Individual liberty should never curtail social liberty. आप स्वयं स्वतन्त्र रहें पर किसी अन्य की स्वतंत्रता में बाधक न बनें। यहाँ किसी की स्वतंत्रता में बाधक बनना आपको स्वतन्त्र नहीं स्वच्छन्द बनायेगा जो परिवार, समाज और देश के लिये कष्टकारी होगा। जरूरत है हम सही अर्थ में आजादी का अर्थ समझें। स्वच्छन्द नहीं स्वतंत्र बनें और स्व, संघ, परिवार, समाज व राष्ट्र की प्रगति में अपना योगदान दें।

देश तो आज़ाद है, पर हमें हमारे विचारों, अपनी धारणाओं को भी रूढ़िवादिता के कैदखाने से मुक्त करना पड़ेगा। सकारात्मक स्वतंत्रता एवं नकारात्मक स्वतंत्रता के मध्य की भेदरेखा को पहचानना होगा, तभी हमारा विकास संभव है। संकीर्ण विचारधारा की कैद में गिरफ्त होकर हमारे मौलिक चिंतन एवम स्वस्थ मन का ह्रास होता है। **हमारा देश को आज़ाद हुए तो 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं पर चिंतनीय बिंदु यह है कि क्या हम वास्तव में आजाद हैं?**

स्वतंत्रता सभी को प्रिय है और ये व्यक्तिगत अधिकार भी है। स्वतंत्रता का अर्थ सही मायने में प्रत्येक व्यक्ति के लिए अलग है। व्यावहारिक धरातल पर इनमें से कुछ रूप को समझने का प्रयास करते हैं, जैसे -

* एक गृहणी के लिए यही स्वतंत्रता है कि उन्हें कुछ दिन रसोई के काम से फुर्सत मिले।
* एक विद्यार्थी के लिए यही स्वतंत्रता बन जाती है कि उन्हें पढ़ाई या खेलकूद के लिए कोई रोकटोक ना हो।
* असंस्कारी व्यक्ति के लिए स्वतंत्रता के मायने होते हैं कि वो किसी के साथ कुछ भी कर सकते हैं।
* एक युवा लड़की/लड़के के लिए स्वतंत्रता की परिभाषा कभी-कभी यह हो जाती है कि उन्हें किसी भी तरह के कार्य मे मनाही ना हो। वो जैसे चाहें वैसे जीएं।

अब सोचिए कि स्वतंत्रता में यदि कोई मर्यादा ही ना हो तो वो सही मायने में आपको क्या बना देगी?

भारत का स्वतन्त्र होना इस बात का प्रतीक नहीं था कि हमारे लिए कोई नियम नही होंगे या हम किसी भी मुल्क से भिड़ जाएंगे, अपनी मनमर्जी करेंगे। नहीं, यह स्वतंत्रता का यह अर्थ कदापि नहीं हो सकता। अत: सकारात्मक स्वतंत्रता को जानें और स्वयं को सही मायने में आज़ाद रखें तो यह जीवन स्वयं एवं दूसरों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा।

स्नेहाकांक्षी

नीलम सेठिया

## अमृत निर्झर



"जो व्यक्ति उदारचेत्ता होता है, ईमानदार होता है, नशामुक्त जीवन जीने वाला होता है, विनम्र होता है, मृदु होता है, शान्त स्वभावी होता है, बड़ों का आदर करना जानता है, औरों के कल्याण की भावना रखता है, सरल होता है, उसका जीवन सद्‌गुणों की सौरभ से भरा होता है। अपनी प्रज्ञा के प्रकाश में व्यक्ति स्वयं झांके और देखे उसके जीवन में इन सद्‌गुणों की सौरभ है या नहीं? यदि है तो निश्चित ही उसकी गति प्रशस्त है।"

# अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल

पंजीकृत कार्यालय : 'रोहिणी' जैन विश्व भारती, लाडनूं 341 306. (जिला-नागौर, राजस्थान)

## साधारण सदन की सूचना

दि. 28 जुलाई 2022

माननीय सदस्यगण,

सादर जय जिनेन्द्र।

सूचित किया जाता है कि अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के वर्ष 2021-2022 की साधारण सभा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया अध्यक्षता में शुक्रवार, दिनांक 16 सितम्बर 2022, को मध्यान्ह 4.00 बजे से जैन विश्व भारती परिसर, लाडनूं में समायोजित है। बैठक में आपकी उपस्थिति सादर अपेक्षित है।

### AGENDA

01. नमस्कार महामंत्र
02. प्रेरणा गीत
03. गत् साधारण सदन की कार्यवाही का वाचन एवं पुष्टि
04. अध्यक्षीय वक्तव्य
05. मंत्री प्रतिवेदन की प्रस्तुति एवं पुष्टि
06. कोषाध्यक्ष द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-2022 के आय-व्यय का ब्यौरा एवं स्वीकरण
07. अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के संशोधित संविधान की प्रस्तुति एवं स्वीकरण
08. विविध - अध्यक्ष की अनुमति से
09. आभार ज्ञापन

भवदीय

मधु देरासरिया

महामंत्री

## अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल
## का महिला राष्ट्रीय अधिवेशन
## 15-16-17 सितम्बर 2022 (छापर-लाडनूं में)

आचार्य श्री महाश्रमणजी की पावन सन्निधि में

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा महिला राष्ट्रीय अधिवेशन आगामी 15-16-17 सितम्बर 2022 को समायोजित है।

छोटे शाखा मंडल से अधिकतम 3 सदस्य और बडे शाखा मंडल से अधिकतम 5 सदस्य संभागी बन सकेंगे।

शाखा मंडल अध्यक्ष, मंत्री एवं पदाधिकारियों को ही सम्मिलित होने हेतु प्राथमिकता दें।

यदि किसी कारणवश पदाधिकारी नहीं आ सकें तो कार्यसमिति सदस्यों को ही अधिवेशन में संभागी बनाने का लक्ष्य रखें।

पंजीकरण शुल्क मात्र ₹500 प्रति संभागी है। संभागी 15 सितम्बर 2022 को मध्यान्ह तक पहुंचने का लक्ष्य रखें।

पंजीकरण प्रातः 9 बजे से मध्यान्ह 1 बजे तक रहेगा। संभागी अपने क्षेत्र का मान्यता पत्र अवश्य साथ लेकर पधारें।

17 सितम्बर 2022 को मध्यान्ह भोजन पश्चात् संभागी प्रस्थान कर सकते हैं।

विस्तृत जानकारी यथाशीघ्र संप्रेषित की जाएगी।

# काव्यामृतम्

दि. 10 जुलाई 2022 को प्रात:काल मुनिश्री उदितकुमारजी के पावन सान्निध्य में अभातेममं के तत्त्वावधान में तेममं सूरत द्वारा 'काव्यामृतम्' ग्रांड फिनाले का उद्घाटन सत्र तेरापंथ भवन में आयोजित हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने शासन माता द्वारा विरचित काव्य ग्रन्थ 'सांसों का इकतारा' एवं 'धूप छांव' पर आधारित 'काव्यामृतम्' की कल्पना को व्याख्यायित करते हुए शासन माता एवं उनकी लेखनी के प्रति अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

ट्रस्टी श्रीमती कनक बरमेचा, ट्रस्टी श्रीमती प्रकाश तातेड, पूर्वाध्यक्ष श्रीमती कुमुद कच्छारा, सहमंत्री श्रीमती निधि सेखानी, राष्ट्रीय संयोजिका श्रीमती तरुणा बोहरा, क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती अदिति सेखानी, क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती श्रेया बाफना, रा.का.स. श्रीमती निर्मला चण्डालिया, रा.का.स. श्रीमती जयन्ती सिंघी की गरिमामय उपस्थिति रही। संचालन श्रीमती ज्योति पटावरी ने किया।

## GRAND FINALE




दि. 10 जुलाई 2022 को सायंकाल 'काव्यामृतम्' का ग्रांड फिनाले सूरत के वीर नरमद साउथ गुजरात यूनिवर्सिटी में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि गुजरात के गृह मंत्री श्री हर्ष संघवी की गरिमामय उपस्थिति रही। सुप्रसिद्ध कवयित्रीद्वय श्रीमती अनामिका अंबर और श्रीमती कीर्ति काले ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रारंभिक दौर में संचालन श्रीमती पूनम गुजरानी एवं श्रीमती मंजू बैद ने किया। तत्पश्चात् मंच संचालन सुश्री सोनल पिपाड़ा ने किया। स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती राखी बैद एवं मंत्री श्रीमती सीमा भोगर के नेतृत्व में संयोजिका और सह–संयोजिका क्रमशः श्रीमती रंजू दूगड़, श्रीमती मंजू बैद, श्रीमती सरोज सेठिया, डॉ. पूनम गुजरानी, श्रीमती शिल्पा मादरेचा, श्रीमती सुधा दूगड़, श्रीमती निशा बैद और श्रीमती सारिका बैद के अथक श्रम से कार्यक्रम सुचारु रूप से समायोजित हुआ। 'काव्यामृतम्' में पूरे भारत से चयनित 15 प्रतिभागियों ने बड़े उत्साह से भाग लिया :

- श्रीमती अभिलाषा बैद, सूरत
- सुश्री नेहा डूंगरवाल, सेलम
- श्रीमती नैना कोठारी, मुम्बई
- श्रीमती रीटा मांडोत, पाली
- श्रीमती सोनिका बैंगानी, नोएडा
- श्रीमती सीमा चपलोत, राजसमन्द
- श्रीमती अभिलाषा डांगी, विजयनगर
- श्रीमती विभा सुराणा, विशाखापट्टनम
- श्रीमती अंजलि सुराणा, RR नगर
- श्रीमती नीतू कोठारी, राउरकेला
- श्रीमती प्रीति सिंघी, उत्तर हावड़ा
- श्रीमती संगीता बाफना, पालघर
- श्रीमती मनीषा सुराणा, सिलीगुड़ी
- सुश्री सलोनी भटेवरा, ब्यावर
- श्रीमती सुचिता कोठारी, मुम्बई

प्रथम चरण में 15 प्रतिभागियों ने काव्य संग्रह से अपनी पसन्द की कविता की मनभावन प्रस्तुति दी। आठ प्रतिभागियों का द्वितीय चरण हेतु चयन हुआ :

- श्रीमती अभिलाषा बैद, सूरत
- सुश्री नेहा डूंगरवाल, सेलम
- श्रीमती नीतू कोठारी, राउरकेला
- श्रीमती प्रीति सिंघी, उत्तर हावड़ा
- श्रीमती संगीता बाफना, पालघर
- श्रीमती विभा सुराणा, विशाखापट्टनम
- सुश्री सलोनी भटेवरा, ब्यावर
- श्रीमती अभिलाषा डांगी, विजयनगर, बेंगलुरु

द्वितीय चरण में अभातेममं द्वारा चिट द्वारा चयनित कविता प्रतिभागियों को दी गई, जिसका उन्हें काव्य पाठ करना था। द्वितीय चरण अत्यन्त रोचक और चित्तरंजक रहा, प्रतिभागियों ने अपनी श्रेष्ठ प्रस्तुति दी। काव्यामृतम् ग्रांड फिनाले के विजेता इस प्रकार रहे –

| | | |
|---|---|---|
| प्रथम | : | श्रीमती नीतू कोठारी, राउरकेला |
| द्वितीय | : | सुश्री सलोनी भटेवरा, ब्यावर |
| तृतीय | : | श्रीमती अभिलाषा डांगी, विजयनगर |
| प्रोत्साहन | : | श्रीमती विभा सुराणा, विशाखापट्टनम |
| | | श्रीमती संगीता बाफना, पालघर |

YouTube likes के आधार पर उत्तर हावड़ा की श्रीमती प्रीति सिंघी को maximum likes award प्रदान किया गया। श्रीमती अनामिका अम्बर एवं डॉ. कीर्ति काले ने भी अपनी काव्य रचनाओं की प्रस्तुति दी। सूरत महिला मंडल के कुशल प्रबन्धन से काव्यामृतम् ग्रांड फिनाले अत्यन्त सफल रहा, जिसकी राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भूरि–भूरि प्रशंसा की।








# कला अभ्युदय योजना




दो वर्ष पूर्व एक ऐसा झंझावात आया जिसमें अनेक घर-परिवार बिखर गए। परिवारों में अनेक प्रकार की आर्थिक समस्याएं उत्पन्न हो गई। एक ओर नए व्यवासय में लागत वृद्धि और बढ़ती महंगाई ने ऐसे परिवारों के जीवन को दूभर बना दिया है। कोविड-19 के बाद पूरे देश में परिदृश्य परिवर्तित हो गया है।

परिवार और स्वयं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु महिलाएं घर से कार्य कर अपना जीवनयापन कर सके, इस उद्देश्य से अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल ने इस योजना की पहल की जिसमें जरूरतमंद महिलाओं को स्वयं का गृह उद्योग प्रारम्भ करने में सहायता की जा सके।

इस योजना के अन्तर्गत जिन तेरापंथी महिलाओं को अपेक्षा है, उन्हें घरेलू मशीन उपलब्ध करवाई जाएगी जिससे वे स्वयं के घर से ही कमाई का कुछ जरिया बना सके और दैनदिन्य जीवन में अधिक असुविधा न हो।

शासन माता साध्वीप्रमुखाश्री कनकप्रभाजी के अमृत महोत्सव पर इस योजना की नींव रखी गई। महिला दिवस के अवसर पर आप सभी ने इस योजना को सुदृढ़ता दी थी। अब इस योजना को वृहद् रूप दिया जा रहा है और आप शाखा मंडल की क्रियान्विति अपेक्षित है।

## योजना का क्रियान्वयन

- अपने क्षेत्र में एक या दो तेरापंथी महिला का चयन करें जिन्हें गृह व्यवसाय की अत्यन्त आवश्यकता हो।
- ऐसी महिलाओं की जरूरतों को समझते हुए उन्हें परामर्श दें कि वे क्या घरेलू व्यवासय प्रारम्भ कर सकते हैं।
- उनकी जरूरत की मशीन/उपकरण जैसे अनाज पीसने की मशीन, सिलाई मशीन, मसाला मशीन, बेकिंग मशीन, खाखरा मशीन आदि का ब्यौरा एवं उक्त महिला का सम्पूर्ण विवरण राष्ट्रीय संयोजिका को प्रेषित करें।
- उक्त महिला का नाम और अन्य विवरण पूर्ण रूप से गोपनीय रखे जाएं।

अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें

राष्ट्रीय संयोजिका श्रीमती ज्योति जैन मो. 93398 78262

## योजना के सहयोगी परिवार
## Diamond Donors

स्व. श्रीमती कमला कठोतिया की पुण्य स्मृति में
श्रीमती आरती
श्री राकेश कठोतिया
लाडनूं - मुम्बई

श्रीमती रंजू
श्री मनोज लुणिया
चाड़वास - शिलाँग

श्रीमती मधु
श्री विमल श्री चिराग
श्री यश कटारिया
बेमाली - बेंगलुरु




अगस्त माह की रूपांतरण शिल्पशाला


# जानें समझें और करें प्रतिक्रमण
# न हो हमसे फिर कोई अतिक्रमण

*.... The doctrine of forgiveness ...*

**जहां दया तहा धर्म है, जहां लोभ वहां पाप।**
**जहां क्रोध तहा काल है, जहां क्षमा वहां आप।**

## Forgiveness = Magical Relief





## Forgiveness की प्रक्रिया

- अपनी feelings से बात करें।
- माफ करने के positive aspects को देखें।
- एक चिन्तन – क्या आपने कभी गलती नहीं की?
- अनेकांत एवं कर्मवाद को apply करें।



Forgiveness message should pass on from brain to heart

## Benefits of Forgiving




**शारीरिक** (Physical) **शारीरिक दर्द से मुक्ति, संतुलित रक्तचाप,** good sleep

**मानसिक** (Psychological) **नकारात्मक से सकारात्मक विचारों की ओर, मौलिक चिन्तन, कल्पनाशीलता**

**भावनात्मक** (Emotional) Attitude & Behaviour **में परिवर्तन, क्रोध की अल्पता, खुशियों भरा वातावरण**

**आध्यात्मिक** (Spiritual) **बाहरी दुनिया से भीतरी दुनिया में प्रवेश,** converts materialistic outlook into spiritual one.

इस स्टेशन से मिली खुराक को प्रतिदिन आचरण में लाने का प्रयास करें। इसी के साथ रूपांतरण एक्सप्रेस अपने गंतव्य तक पहुंच चुकी है। आशा है आपकी यात्रा सुखदमय रही होगी। शुभम् अस्तु!!!

DESIGNED BY NEELAM SETHIA

## 'आरोग्यम्'
## परंपराओं का पुनरावर्तन

दि. 3 जुलाई 2022 को अभातेममं के तत्त्वावधान में भारतीय संस्कृति में विलुप्त होती स्वास्थ्य अनुकूल परंपराओं के पुनरावर्तन हेतु 'आरोग्यम् : परंपराओं का पुनरावर्तन' कार्यशाला का आगाज़ मुनिश्री कुलदीपकुमारजी एवं मुनिश्री मुकुलकुमारजी के पावन सान्निध्य में तेममं अहमदाबाद द्वारा किया गया।

महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया सहित सहमंत्री श्रीमती निधि सेखानी, क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती श्रेया बाफना, क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती अदिति सेखानी, रा.का.स. श्रीमती नीतू बैद एवं कॉर्पोरेटर श्रीमती प्रतिभा जैन की गरिमामय उपस्थिति रही।

मुख्य वक्ता एवं मार्गदर्शक के रूप में नाड़ी वैद्य श्री पूजा शाह तथा आरोग्यम् के मैन्टोर श्री सुमतिलाल बैद थे। मुनिश्री द्वारा नमस्कार महामंत्र के उच्चारण सहित कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। स्थानीय बहनों ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया।

'आरोग्यम् : परंपराओं का पुनरावर्तन' कार्यशाला के logo का अनावरण स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती चांद छाजेड़ ने स्वागत किया। मंडल की बहनों ने सुंदर गीत प्रस्तुत किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया द्वारा प्रदत्त शुभकामना पत्र का वाचन सहमंत्री श्रीमती निधि सेखानी ने किया। गृहमंत्री श्री हर्ष संघवी, शिक्षामंत्री श्री जीतुभाई वाघाणी, गुजरात राज्य स्वास्थ्य मंत्री श्रीमती निमिषा बेन सुथार के शुभकामना संदेश भी प्राप्त हुए।

उपस्थित सभी अतिथियों एवं वक्ताओं का सम्मान किया गया। कन्याओं ने चित्रकला प्रदर्शनी एवं शब्दचित्र के माध्यम से आधुनिक रोग एवं उनके समाधान की रोचक प्रस्तुति दी।

क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती अदिति सेखानी ने अपने विचार प्रस्तुत किए। महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया ने भावों पर नियंत्रण एवं मानसिक स्वास्थ्य के बारें में विचार प्रस्तुत किए।

आरोग्यम् के मुख्य मेन्टोर श्री सुमतिलाल बैद ने खानपान संबंधी भारतीय संस्कृति की परंपराओं की विशद जानकारी प्रदान की। साथ ही बताया कि कैसे संयम एवं नियम द्वारा परंपराओं की पुनः स्थापना कर व्यक्ति स्वस्थ एवं दीर्घायु बन सकता है।

मुनिश्री मुकुलकुमारजी ने भारतीय चिकित्सा पद्धति की सर्वोपरिता को व्याख्यायित किया। मुख्य वक्ता श्री पूजा शाह ने आयुर्वेद के अनुसार दिनचर्या पर विस्तृत वक्तव्य दिया।

मुनिश्री कुलदीपकुमारजी ने द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव का व्यक्ति पर किस रूप से प्रभाव होता है, इस बारे में विस्तृत जानकारी दी। विचारधारा की शुद्धता, खानपान में संयम एवं विवेक की अनिवार्यता पर बल दिया। स्थानीय उपाध्यक्ष श्रीमती हेमलता परमार ने आभार ज्ञापित किया। संचालन स्थानीय मंत्री श्रीमती अनिता कोठारी एवं सहमंत्री श्रीमती संगीता चोपड़ा ने किया।

## FEED THE MIND
## पाठशाला पुस्तकालय परियोजना

### सूरत

दि. 11 जुलाई 2022 को तेममं सूरत द्वारा समृद्ध राष्ट्र योजना के अंतर्गत Feed the Mind प्रोजेक्ट का आगाज किया गया। इसके अन्तर्गत लाइब्रेरी का लोकार्पण राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया की अध्यक्षता में वेसू प्राथमिक शाला में किया गया। मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती झंखना बेन पटेल ने मंडल के इस कार्य की सराहना की। इस कार्यक्रम में महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया की गरिमामय उपस्थिति रही। ट्रस्टी श्रीमती कनक बरमेचा, सहमंत्री श्रीमती निधि सेखानी, रा.का.स. श्रीमती जयंती सिंघी की विशेष उपस्थिति रही। अतिथि विशेष चेयरमेन श्री धनेश शाह, प्राथमिक शाला के प्रिंसिपल श्रीमती जिगना बेन, सभा मंत्री श्री अनुराग कोठारी आदि की उपस्थिति में स्थानीय मंडल 2 अलमारी, 2 टेबल, 15 कुर्सी तथा 100 से भी अधिक किट स्कूल के बच्चों को प्रदान किए गए।

स्वागत स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती राखी बैद ने किया। मंडल की बहनों ने मंगलाचरण तथा स्कूल के बच्चों ने प्रस्तुति व प्रार्थना की। श्रीमती नीलम सेठिया ने कहा कि बाहरी ज्ञान के साथ मस्तिष्क का अधिक विकास होता है। श्रीमती मधु देरासरिया ने गुजराती में बच्चों को पुस्तकों के महत्व को समझाया। अतिथियों का सम्मान श्रीमती चंदा भोगर एवं स्थानीय मंत्री श्रीमती सीमा भोगर ने किया। संचालन श्रीमती सुनीता सुराणा ने तथा आभार ज्ञापन श्रीमती सुमन सुखानी ने किया।

### रायपुर

दि. 14 जुलाई 2022 को तेममं रायपुर द्वारा समृद्ध राष्ट्र योजना के अन्तर्गत Feed the Mind के अन्तर्गत लाइब्रेरी का उद्घाटन मायाराम सूरज स्कूल में किया गया। नवकार मंत्र से सत्र का प्रारंभ हुआ। स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता सेठिया ने सभी का स्वागत किया और प्रिंसिपल एवं शिक्षकों के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया ने कुन्देन्दुतु शारहार धवला के स्वरों के उद्घाटन करते हुए लाइब्रेरी को ज्ञान संग्रहण का सशक्त माध्यम बताया। महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया ने बच्चों का उत्साहवर्द्धन किया। प्रचार प्रसार मंत्री श्रीमती सरिता बरलोटा और रा.का.स. श्रीमती ललिता धाड़ीवाल ने गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। राष्ट्रीय कार्यसमिति ने रायपुर महिला मंडल के सदस्यों को अति व्यवस्थित लाइब्रेरी हेतु साधुवाद दिया।

जो भी शाखा Feed the Mind प्रोजेक्ट करना चाहता है,
उनसे निवेदन है कि सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त कर इसे क्रियान्वित करें।
अधिक जानकारी हेतु
श्रीमती सुमन नाहटा मो. 98188 54120 से सम्पर्क करें।

360° Impact

# प्रबुद्ध महिला सम्मेलन

## सूरत

दि. 10 जुलाई 2022 को अभातेममं के तत्त्वावधान में तेममं सूरत द्वारा को 360° Impact NGO Meet का आयोजन तेरापंथ भवन के शुभम हॉल में हुआ। इसमें 18 NGOs की बहनों ने भाग लिया। मुनिश्री उदितकुमारजी ने मंगल पाथेय प्रदान करवाया। तत्पश्चात कन्या मंडल ने मंगलाचरण किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने का 360° Impact का मुख्य उद्देश्य मुनिश्री को निवेदित किया। ट्रस्टी श्रीमती कनक बरमेचा, श्रीमती प्रकाश तातेड़, कुमुद कच्छारा, अदिति सेखानी, श्रीमती विशाखा दफ्तरी की गरिमामय उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के Panelists थे राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया, महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया, एडवोकेट श्रीमती प्रीति जोशी, अभिनेत्री श्रीमती मोना शाह, कांउसलर श्रीमती जानकी कोठारी, श्रीमती पूनम पराशर एवं श्रीमती मेघना सुराणा।

स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती राखी बैद एवं मंत्री श्रीमती सीमा भोगर ने कार्यक्रम के पहलुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में महिलाओं और कन्याओं संबंधित अनेक पहलूओं पर परिचर्चा हुई। सभी विषयों पर NGO की बहनों ने अपने विचार प्रस्तुत किये। राष्ट्रीय अध्यक्ष नीलम जी सेठिया, महामंत्री मधु जी देरासरिया एवं सभी पैनलिस्ट ने सुंदर विचार व्यक्त किए। मोडरेटर की भूमिका निभाई रा.का.स. श्रीमती जयन्ती सिंघी ने।

कार्यक्रम में भारतीय जैन संघटना, महावीर इन्टरनेशनल, गुजरात प्रदेश वेश्य फेडरेशन, नारी एकता, MYM जागृति शाखा, एक सोच, अग्रवाल महिला ईकाई, महेश्वरी म मं., अग्रवाल महिला मंच, Tangent Club, रोटरी क्लब, वनबंधु परिषद्, माली महिला मंडल, राष्ट्रीय जैन महिला संघ, International Inner Wheel , JITO Ladies Wing आदि कई NGOs ने सहभागिता दर्ज। संचालन श्रीमती रेखा जैन एवं श्रीमती सुषमा बोधरा ने किया।

## रायपुर

दि. 14 जुलाई 2022 को समणी निर्देशिका कमलप्रज्ञाजी के सान्निध्य में अभातेममं के तत्त्वावधान में तेममं रायपुर ने 360° Impact – प्रबुद्ध महिला सेमिनार का आयोजन किया।

प्रथम सत्र अप्प दीपो भवः की शुरुआत समणीजी ने महामंत्रोच्चार से की। स्थानीय मंडल की बहनों द्वारा मंगलाचरण एवं नेत्रहीन बच्चों द्वारा स्वागत किया गया। रा.का.स. श्रीमती ललिता धाड़ीवाल ने साध्वीप्रमुखाश्री विश्रुतविभाजी के संदेश का वाचन किया। स्थानीय मंडल अध्यक्ष श्रीमती सरिता सेठिया ने स्वागत स्वर उकेरे।

मुख्य अतिथि श्री बृजमोहन अग्रवाल (पूर्व मंत्री एवं विधायक रायपुर दक्षिण) एवं विशेष अतिथि पद्मश्री श्रीमती फूलवासन बाई ने अपने वक्तव्य में मंडल के कार्यों की सराहना करते हुए अपना वक्तव्य दिया। सभाध्यक्ष श्री गौतम गोलछा, तेयुप अध्यक्ष श्री मनीष दूगड़ ने ने अभिन्दन स्वर व्यक्त किए।

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया और महामंत्री श्रीमती मधु देरासरीया ने अप्प दीपो भवः पर अपने सुन्दर विचार प्रस्तुत किए। प्रचार प्रसार मंत्री श्रीमती सरिता बरलोटा एवं महासभा के आंचलिक प्रभारी श्री विनोद बरलोटा की गरिमामयी उपस्थिति रही।

समणी करुणाप्रज्ञाजी ने अपने उद्‌बोधन में सजग रहने की प्रेरणा दी जिससे अपने आत्मा के दीप को प्रज्ज्वलित किया जा सके। समणी सुमनप्रज्ञाजी ने सुमधुर गीत का संगान किया। समणी निर्देशिका कमलप्रज्ञाजी ने प्रेरणा देते हुए आत्मा के पास रहने के मंत्र सिखाये। आभार ज्ञापन मंत्री श्रीमती नेहा जैन एवं कुशल संचालन श्रीमती रश्मि लूंकड़ ने किया।

सायंकाल डिग्री गर्ल्स कॉलेज में परिवर्तन A Revolution विषय पर कार्यशाला आयोजित हुई जिसमें मोटिवेटर के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया ने कॉलेज की कन्या विद्यार्थियों को गहन प्रशिक्षण दिया। कॉलेज के मेनेजमेन्ट, शिक्षकगण एवं विद्यार्थी कन्याओं ने इस प्रयास को काफी सराहा एवं इस सत्र से सभी अत्यन्त लाभान्वित हुए।

दि. 15 जुलाई 2022 को Talk Show आयोजित हुआ जिसका विषय था 'वर्तमान युग में महिलाओं की बदलती भूमिका'। नवकार मंत्र से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। तेममं दुर्ग ने मंगलाचरण किया। छत्तीसगढ़ क्षेत्रों की बहनों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। तत्पश्चात कन्या मण्डल ने मनमोहक प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि मंत्री श्री अमरजीतसिंह भगत ने तेरापंथ महिला मंडल के कार्यों के लिए बधाई दी।

Panelists श्रीमती नीलम सेठिया, श्रीमती मधु देरासरिया, डॉ. सोनिया परियाल, डॉ. अंजलि अवदीया, ASP सुरेशा चौबे, CA रीतु जैन आदि ने सुन्दर तरीके से टॉक शो संचालित किया। इस टॉक शो में महिलाओं और कन्याओं से संबंधित समसामयिक विषयों पर परिचर्चा हुई। चर्चा का निष्कर्ष यह रहा कि युगानुरूप सोच बदलनी होगी, संवाद ही समस्या का हल है, स्वयं को कम न आंके, हम अपना शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य तभी स्वस्थ रख सकते है, जब हमें परिवार का पूर्ण सहयोग मिले।

ASP सुरेशा चौबे ने कन्याओं को विषम परिस्थिति में Ready to React के tips दिये। कन्या मंडल ने स्वस्थ परिवार पर शानदार एवं रोचक प्रस्तुति दी। प्रचार–प्रसार मंत्री श्रीमती सरिता बरलोटा, रा.का.स. श्रीमती ललिता धाड़ीवाल, सभाध्यक्ष श्री गौतम गोलछा, मंत्री श्री विरेंद्र ड़ागा आदि ने सहभागिता प्रदान की। संचालन मंत्री श्रीमती नेहा जैन ने किया।

# प्रबुद्ध महिला सम्मेलन

### भुवनेश्वर

दि. 17 जुलाई 2022 को अभातेममं के तत्त्वावधान में तेममं भुवनेश्वर द्वारा ओडिशा स्तरीय 360° Impact प्रबुद्ध महिला सेमिनार मुनिश्री ज्ञानेंद्र कुमार जी के सान्निध्य में आयोजित हुआ।

प्रथम सत्र 'आत्म दीपो भवः' का प्रारम्भ मुनिश्री ज्ञानेंद्र कुमार जी द्वारा नमस्कार महामंत्र उच्चारण से हुआ। स्थानीय मंडल की बहनों ने प्रेरणा गीत की प्रस्तुति दी। स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती मधु गिड़िया एवं सभाध्यक्ष श्री बच्छराज बेताला ने स्वागत वक्तव्य दिया। अतिथि परिचय एवं साध्वीप्रमुखाश्रीजी के संदेश का वाचन स्थानीय उपाध्यक्ष श्रीमती प्रेमलता सेठिया ने किया।

मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के न्यायाधीश श्री गौतम चौरड़िया ने आत्म दीपो भवः को स्वयं से स्वयं को प्रकाशित करना बताया। महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया एवं मुनिश्री विमलेशकुमारजी ने विषय पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया ने उपस्थित जनमेदिनी को स्वयं से स्वयं को प्रकाशमान करते हुए सही मायने में अपनी आत्मा को प्रकाशित करने पर विस्तृत वक्तव्य दिया। मुनिश्री ज्ञानेंद्रकुमारजी ने आत्मा को शक्ति संपन्न बनाने की प्रेरणा दी। धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती रश्मि बेताला ने किया। संचालन श्रीमती ललिता सुराणा ने किया।

द्वितीय सत्र 'परिवर्तन स्वयं का स्वयं द्वारा' में सुश्री धारिणी सुराणा के गीत से सत्र का प्रारंभ हुआ। प्रेरक वक्ता श्रीमती बबीता बैद ने विषय संदिर्भत अत्यन्त प्रभावी प्रस्तुति दी। महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया ने वक्तव्य के माध्यम से सुंदर विचार रखते हुए स्वयं का युगानुरूप रूपांतरण करने पर जोर डाला। मुनि श्री ज्ञानेंद्रकुमारजी ने फरमाया कि स्वयं द्वारा ही स्वयं का परिवर्तन हो सकता है। संचालन स्थानीय पूर्वाध्यक्ष श्रीमती सुशीला सेठिया जी ने किया।

तृतीय सत्र में 'प्रश्न आपके समाधान हमारे' में शाखा मंडल की सार-संभाल के साथ मंडल के विभिन्न आयामों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। चतुर्थ सत्र में 'बढ़ते तलाक जिम्मेदार कौन' विषय पर पन्द्रह से अधिक सामाजिक संगठनों के साथ Talk show आयोजित हुआ। प्रख्यात शिक्षाविद डॉ. विदुला रामालक्ष्मी, समाजसेवी श्रीमती संपत्ति मोडा, श्री गौतम जी चौरड़िया, मोटिवेशनल स्पीकर श्रीमती बबीता बैद, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया, महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया के साथ सभी NGO ने विषय पर अपने विचार रखे। मुनिश्री ज्ञानेंद्रकुमारजी का भी प्रेरक वक्तव्य रहा।

संचालन श्रीमती मुक्ता बरड़िया एवं सुश्री साक्षी बेताला ने किया। धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती प्रेमलता सेठिया ने किया।

# 'परचम : केसरिया शक्ति का'

### पर्वतपाटिया

दि. 9 जुलाई 2022 को अभातेममं के तत्त्वावधान में तेममं पर्वतपाटिया द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया की अध्यक्षता मे 'परचम केसरिया शक्ति का' कार्यशाला आयोजित की गई।

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया द्वारा नमस्कार महामंत्र के उच्चारण से कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। स्थानीय बहनों ने प्रेरणा गीत का संगान किया। स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती ललिता पारख ने स्वागत किया। बहनों ने स्वागत गीत की सुन्दर प्रस्तुति दी। गुजरात प्रभारी श्रीमती श्रेया बाफना ने प्रमुखाश्रीजी के संदेश का वाचन किया।

महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया ने गणवेश और उसकी गरिमा के बारे में बताया। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया ने केसरिया शक्ति के परचम को आचार-विचार और व्यवहार से सदैव लहराते रहने की बात कही। सहमंत्री श्रीमती निधि सेखानी ने भावना चौका, मोबाइल एप्प एव फेसबुक व यूट्युब के बारे में जानकारी दी। रा.का.स. श्रीमती जयंती सिंघी ने आचार्य तुलसी शिक्षा परियोजना के बारे मे विस्तार से बताया। बहनों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

सभा मंत्री श्री प्रदीप गंग, तेयुप अध्यक्ष श्री प्रदीप पुगलिया आदि ने विचारों की प्रस्तुति दी। स्थानीय मंत्री श्रीमती मधु पुगलिया ने शाखा के बारे में जानकारी दी। कन्याओं ने गीतिका की प्रस्तुति दी। संचालन श्रीमती कुसुम बोथरा एवं आभार ज्ञापन श्रीमती मनोज देवी गंग ने किया।

### ओडिशा राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट




दि. 19 जुलाई को राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया के साथ तेममं भुवनेश्वर की अध्यक्ष श्रीमती मधु गिड़िया, मंत्री श्रीमती रश्मि बेताला व श्री वीरेन्द्र बेताला ने गवर्नर हाउस में ओडिशा के राज्यपाल महामहिम प्रो. गणेशीलालजी से शिष्टाचार भेंटवार्ता की। अभातेममं के विभिन्न आयामों की विस्तृत जानकारी राज्यपाल को निवेदित की गई। राज्यपाल महोदय ने मुक्तकंठ से अभातेममं के कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर राज्यपाल को नारीलोक का आचार्य महाश्रमणजी षष्टिपूर्ति विशेषांक उपहृत किया गया।

# 'परचम : केसरिया शक्ति का'

## चलथान

दि. 11 जुलाई 2022 को अभातेममं के तत्त्वावधान में तेममं चलथान द्वारा साध्वीश्री सम्यक्‌प्रभाजी ठाणा 4 के सान्निध्य में 'परचम केसरिया शक्ति का' कार्यशाला का आयोजन किया गया।

साध्वीश्रीजी ने नमस्कार महामंत्र से कार्यशाला का शुभारंभ किया। प्रेरणा गीत का संगान स्थानीय मंडल की बहनों द्वारा किया गया। स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती मीना नौलखा ने स्वागत किया। गुजरात प्रभारी श्रीमती श्रेया बाफना ने प्रमुखाश्रीजी के संदेश का वाचन किया।

महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया ने गणवेश की महत्ता के बारे में विस्तार से बताया। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया ने अभातेममं की चार योजनाओं, रजिस्टर, ऑनलाइन कार्यक्रम आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

सहमंत्री श्रीमती निधि सेखानी ने यूट्यूब और फेसबुक पर अभातेममं के ग्रुप में सभी बहनों को जुड़ने की प्रेरणा दी। ट्रस्टी श्रीमती कनक बरमेचा ने तत्त्वज्ञान एवं जैन स्कॉलर परीक्षाओं में शामिल होने की प्रेरणा दी। रा.का.स. श्रीमती जयंती सिंघी ने नए रजिस्टर के बारे में विस्तार से बताया। साध्वीश्री सम्यक्‌प्रभाजी ने नारी शक्ति का गुणगान करते हुए नैसर्गिक गुणों को अपने भीतर संजोते हुए विकास करने की प्रेरणा दी।

संचालन स्थानीय मंत्री श्रीमती लता दक एवं स्थानीय सहमंत्री श्रीमती निशा नौलखा ने किया तथा आभार ज्ञापन श्रीमती ज्योति संचेती ने किया।

## कटक

दि. 16 जुलाई 2022 को मुनिश्री जिनेशकुमारजी ठाणा 3 के सान्निध्य में अभातेममं के तत्त्वावधान में 'परचम केसरिया शक्ति का' कार्यशाला तेममं कटक द्वारा शहीद भवन में आयोजित की गई। प्रथम सत्र 'उजाला' का विषय था सशक्त नारी – समृद्ध समाज। शुभारंभ कन्या मंडल के मंगलाचरण से हुआ। स्वागत भाषण स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती हीरा बैद ने दिया। रा.का.स. श्रीमती इंदिरा लुणिया ने सभी अतिथियों का परिचय दिया।

मुनि जिनेशकुमारजी ने नारी सशक्तिकरण के 4 सूत्र – आरोग्य, शिक्षा, स्वावलंबन व संस्कार की व्याख्या की। मुनि कुणालकुमारजी ने सुमधुर गीत का संगान किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया व महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया ने कहा कि केसरिया रंग सूर्योदय की स्वर्णिम आभा के साथ जुड़ा हुआ है जिसका अर्थ है ऊर्जा और जागरण। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के न्यायाधीश श्री गौतम चोरड़िया, मुख्य वक्ता श्रीमती स्मिता जैन कुचेरिया, महासभा अध्यक्ष श्री मनसुख सेठिया, समाज सेविका श्रीमती संपत्ति मोडा ने अपने विचार व्यक्त किए।

महिला एवं कन्या मंडल द्वारा प्रेरणा गीत व परिसंवाद प्रस्तुत किया गया। संचालन मुनिश्री परमानंदजी व मंत्री श्रीमती शशि बिनायकिया ने किया। आभार ज्ञापन पूर्वाध्यक्ष श्रीमती सुमनश्री बेताला ने किया।

दूसरे सत्र – समन्वय में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया व महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया ने संस्थागत जानकारी प्रदान की। संचालन श्रीमती कविता चोपड़ा ने व आभार ज्ञापन श्रीमती नूतन बिनायकिया ने किया। तेरापंथ एवं अन्य मारवाड़ी संस्थाओं के गणमान्य व्यक्तियों सहित लगभग 450 से अधिक सदस्यों की उपस्थित रही।

## बारडोली

दि. 25 जुलाई 2022 को अभातेममं के तत्त्वावधान में तेममं बारडोली द्वारा 'परचम केसरिया शक्ति का कार्यशाला' का आयोजन हुआ। शुभारंभ ट्रस्टी श्रीमती कनक बरमेचा के नमस्कार महामंत्र के उच्चारण से हुआ। स्थानीय बहनों ने प्रेरणा गीत का संगान किया।

स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती संगीता सरणोत के स्वागत वक्तव्य पश्चात् बहनों द्वारा समर्पिता गीत की प्रस्तुति हुई। क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती श्रेया बाफना ने साध्वीप्रमुखाश्रीजी के संदेश का वाचन किया। ट्रस्टी श्रीमती कनक बरमेचा ने आचार्य तुलसी शिक्षा परियोजना पर प्रकाश डाला। सहमंत्री श्रीमती निधि सेखानी ने विभिन्न आयामों के विषय मे जानकारी दी। महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया ने चार योजनाओं से सभी को अवगत करवाया। सभी के जिज्ञासाओं का समाधान दिया गया।

कन्यामंडल द्वारा जैन ध्वज पर रोचक प्रस्तुति हुई व श्रीमती प्रेरणा बाफना ने स्वरचित मुक्तक द्वारा स्वागत किया। आभार ज्ञापन स्थानीय सहमंत्री श्रीमती दिव्या सिंघवी ने किया व संचालन श्रीमती धर्मिष्ठा मेहता ने किया। कार्यक्रम में 116 बहनों से अधिक की उपस्थिति रही।

## तत्त्वज्ञान/तेरापंथ दर्शन की विशेष परीक्षाएं

दि. 18-19 सितम्बर 2022 को आचार्य तुलसी शिक्षा परियोजना के अंतर्गत तत्त्वज्ञान तेरापंथ दर्शन पाठ्यक्रम की विशेष परीक्षाएं आचार्यश्री महाश्रमणजी के सान्निध्य में छापर में आयोजित की जा रही है। तेरापंथ दर्शन के पांचवें वर्ष और तत्त्वज्ञान के छठे वर्ष के विद्यार्थी मौखिक परीक्षा हेतु इस कार्यशाला में भाग लेंगे। सभी परीक्षार्थी 18 सितम्बर को छापर पहुंचे। मौखिक परीक्षा मध्यान्ह 2 बजे से प्रारंभ होगी। 19 सितम्बर को मध्यान्ह 2 बजे बाद परीक्षार्थी प्रस्थान कर सकते हैं। परीक्षार्थी ओढ़ने -बिछाने, दवाई आदि आवश्यक सामग्री साथ में लेकर आएं। परीक्षार्थी शुल्क प्रति व्यक्ति ₹200 रखा गया है। अन्य जानकारी हेतु संपर्क करें :-

राष्ट्रीय संयोजिका श्रीमती मंजू भुतोड़िया मो. 9312173434

श्रीमती कुसुम बैंगानी मो. 8010139367

श्रीमती अमिता नाहटा मो. +9779841206202



# कन्या सुरक्षा योजना के अन्तर्गत कार्यक्रम



## राजराजेश्वरी नगर

दि. ........... 2022 को तेममं राजराजेश्वरी नगर द्वारा मागड़ी रोड़ गवर्नमेंट स्कूल में कन्या सुरक्षा स्तम्भ का उद्घाटन किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया के नमस्कार महामंत्र उच्चारण से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। स्थानीय महिला एवं कन्या मंडल ने मंगलाचरण किया। स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती लता बाफना ने समागत सदस्यों का स्वागत किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया ने कन्या सम्मान एवं सुरक्षा को प्राथमिकता देने की बात कहते हुए तेममं राजराजेश्वरी नगर की टीम की सराहना की। सभाध्यक्ष श्री मनोज डागा, तेयुप अध्यक्ष श्री सुशील भंसाली ने अभिनन्दन स्वर व्यक्त किए। स्कूल हेडमास्टर श्री रामैय्या एवं शिक्षक श्री भास्कर, श्रीमती संगीता मेहता ने मंडल के इस प्रयास को सराहा।

रा.का.स. श्रीमती वीणा बैद, श्रीमती सुधा नौलखा, श्रीमती मधु कटारिया, राजाजीनगर अध्यक्ष श्रीमती चेतना मुथा, कई गणमान्य व्यक्ति, स्कूल के शिक्षक एवं विद्यार्थियों सहित लगभग 450 की उपस्थिति रही।

सभी अतिथियों एवं आयोजकों का सम्मान किया गया। स्कूल के बच्चों को नोटबुक एवं बिस्किट बांटे गए। शिक्षक-शिक्षिकाओं को भी उपहार भेंट किए गए। आभार स्थानीय मंत्री श्रीमती सीमा छाजेड़ ने एवं संचालन स्थानीय सहमंत्री श्रीमती वन्दना भंसाली ने किया।

## सूरत

दि. 11 जुलाई 2022 को तेममं सूरत द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया की अध्यक्षता मे कन्या सुरक्षा योजना के अंतर्गत 6 बेंच का लोकार्पण समारोह का सिविल हॉस्पिटल में आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मंडल की बहनों द्वारा मंगलाचरण से हुई। तत्पश्चात स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती राखी बैद ने स्वागत वक्तव्य दिया। मुख्य अतिथि विधायक श्री विवेक पटेल ने मंडल के कार्यक्रमों की सराहना की। विशेष अतिथि सुपरिंटेंडेंट डॉ. गणेश गोवेकर, आरएमओ डॉ. लक्ष्मण थे। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया, महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया, ट्रस्टी श्रीमती कनक बरमेचा, सहमंत्री श्रीमती निधि सेखानी एवं रा.का.स. श्रीमती जयंती सिंघी की गरिमामय उपस्थिति रही।

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया ने कहा कि इन बैंचो पर लिखे स्लोगन के माध्यम से मंडल प्रत्येक इंसान की भावनाओं को छूना चाहते हैं। स्थानीय संयोजक श्रीमती सरोज सेठिया एवं श्रीमती प्रतीक्षा बोथरा थी। संचालन श्रीमती रीटा परमार व आभार ज्ञापन स्थानीय मंत्री श्रीमती सीमा भोगर ने किया।

## रायपुर

दि. 13 जुलाई 2022 को तेममं रायपुर ने कन्या सुरक्षा योजना के अन्तर्गत कन्या सुरक्षा स्तम्भ का अनावरण किया। कन्या मंडल द्वारा मंगलाचरण से कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ। कन्या मंडल द्वारा स्कूटी रैली आयोजित की गई।

स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता सेठिया ने सभी का स्वागत किया। मुख्य अतिथि श्री कुलदीप जुनेजा ने कहा कि कन्या को अपनी सुरक्षा स्वयं भी करनी चाहिए। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया ने कन्या सुरक्षा सर्कल की उपयोगिता जन जागृति हेतु बताई। महामंत्री श्रीमती मधु देरासरीया ने कन्याओं को दो घर का दीपक बताया। प्रचार मंत्री श्रीमती सरिता बरलोटा एवं रा.का.स. श्रीमती ललीता धाड़ीवाल, सभाध्यक्ष श्री गौतम गोलछा, मंत्री श्री विरेंद्र जी डागा की गरिमामयी उपस्थिति रही। संचालन श्रीमती इंदु लोढ़ा ने किया।

## कटक

दि. 16 जुलाई 2022 तेममं कटक द्वारा कन्या सुरक्षा योजना के अंतर्गत 5 बेंचों का उद्घाटन राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया एवं महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया से करवाया गया।

## भुवनेश्वर

दि. 17 जुलाई 2022 को कमला नेहरु कॉलेज एवं भारतीय बाल विद्या मंदिर में तेममं भुवनेश्वर द्वारा कन्या सुरक्षा योजना के अंतर्गत 6 बेंच का उद्घाटन राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया एवं महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया से करवाया गया।

## बारडोली

दि. 25 जुलाई, 2022 को तेममं बारडोली द्वारा सत्याग्रह हॉस्पिटल में दो कन्या सुरक्षा बैंच का अनावरण महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया, ट्रस्टी श्रीमती कनक बरमेचा, सहमंत्री श्रीमती निधि सेखानी व क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती श्रेया बाफना ने अनावरण किया।

कार्यक्रम में अभातेयुप उपाध्यक्ष श्रीमान जयेश मेहता, तेयुप अध्यक्ष श्री साहिल बाफना, मंत्री श्री रौनक सरणोत सहित अस्पताल के कई डॉक्टर भी उपस्थित थे।

## सूरत

दि. 27 जुलाई 2022 को तेममं सूरत ने सूरत रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर बैंच का लोकार्पण मुख्य अतिथि स्टेशन डायरेक्टर श्री दिनेशजी और महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया द्वारा करवाया। रा.का.स. श्रीमती जयंती सिंघी की गरिमामय उपस्थिति रही। संचालन श्रीमती प्रतीक्षा बोथरा ने एवं आभार ज्ञापन मंत्री श्रीमती सीमा भोगर ने किया।

कन्या मंडल

# आहट... उजले कल की संभावनाएं स्वर्णिम पल की

अगस्त का महीना रिमझिम बौछारों का महीना है। सावन के इस माह में हमें चारित्रात्माओं की सन्निधि का सौभाग्य भी मिलता है। इस वर्ष हमारा भारतवर्ष आजादी के 75वें वर्ष का अमृत महोत्सव मना रहा है। अब देश के सामने अगले 25 सालों में स्वर्णिम भारत के निर्माण का संकल्प है। आपके सपने आपके भविष्य को सही आकार देने में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## करणीय कार्य

इस माह आपको अपने क्षेत्र में वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन करना है।

'आजादी के 75 साल' हमने क्या खोया क्या पाया – What India gained and what India lost after independence.

आप अपने देश के प्रति क्या सोचते हैं, इस पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन करें।

इसके अंतर्गत विभिन्न विषय दिए जा रहे हैं :-

| | | |
|---|---|---|
| शिक्षा और रोजगार | जाति और धार्मिक मुद्दे | औद्योगिक और तकनीकी विकास |
| भ्रष्टाचार | लिंग भेदभाव | महिला सशक्तिकरण |

इन 6 विषयों में से एक विषय चुनकर अपने क्षेत्र में वाद-विवाद प्रतियोगिता कराएं एवं प्रथम आने वाली कन्याओं के नाम भेजें।

*अर्चना भण्डारी*

कन्या मंडल प्रभारी, मो. 98100 11500

## संस्था का प्रयास
## फैले 7500 दिव्यांग बच्चों के जीवन में ज्ञान का प्रकाश

आजादी के 75वें वर्ष पर आयोजित प्रोजेक्ट 'स्नेहम्' से देश के दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की रोशनी देने का सार्थक प्रयास कर रहे हैं हमारे शाखा मंडल। जुलाई माह में शाखा मंडल द्वारा अंध-मूक-बधिर बच्चों हेतु प्रदत्त पाठ्य सामग्री की सूची :-

| शाखा | स्कूल/आश्रम का नाम | सामग्री वितरित | गणमान्य उपस्थिति |
|---|---|---|---|
| हनुमंतनगर बेंगलुरु | समर्थानम ट्रस्ट फॉर डिसेबल्ड | 500 ब्रेल शीट्स, 25 ब्लाइंड स्टिक्स, 2 श्रवण यंत्र | फाउंडर ट्रस्टी श्रीमती वसंती सवनुर उच्च शिक्षा कार्यक्रम प्रबंधक बी एस राघवेंद्र |
| बालोतरा | स्नेह मनोविकास विद्यालय | ब्लूटूथ स्पीकर | क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती सारिका बागरेचा, पार्षद श्रीमती चंद्रा बालड़ |
| बाली बेलुड़ | | साउंड सिस्टम, कान की मशीन | प्रिंसिपल,उप प्रेजिडेंट |
| ब्यावर | संजय इन्क्लूसिव स्कूल | 1-कंप्यूटर | पुलिस उप-अधीक्षक श्री सुमित मेहरड़ा, सचिव श्रीमती क्षमा कौशिक, प्रभारी श्री रणसिंह चीता |
| पालघर | कर्णबधिर विद्यालय | श्रवण यंत्र में उपयोगी 300 सेल | |
| मुंबई (मलाड) | वल्लभदास डागरा इंडियन सोसायटी फॉर मेंटली रिटायर्ड चाइल्ड स्कूल | स्पीकर सेट विथ माइक | रा.का.स. श्रीमती रचना हिरण, सभाध्यक्ष श्री इन्द्रमल कच्छारा, मंत्री श्री हस्तीमल भंडारी, तेयुप अध्यक्ष श्री मनोज लोढ़ा, तेयुप मंत्री श्री सुरेंद्र बांठिया |
| अंकलेश्वर (भरुच) | कलरव चैरिटेबल ट्रस्ट | म्यूजिक सिस्टम | सहमंत्री श्रीमती निधि सेखानी, क्षे.प्र. श्रीमती श्रेया बाफना फाउंडर ट्रस्टी एंड सेक्रेट्री श्रीमती लीना मोदी, प्रेजिडेंट कलरव स्कूल श्री प्रवीण मोदी |

# जैनधर्मोस्तु मंगलम्

...A scientific approach of Jainism...





जैनधर्मोस्तु मंगलम् के प्रथम चरण का आगाज जयपुर में अभातेममं के तत्त्वावधान में तेममं जयपुर सी–स्कीम और जयपुर शहर के संयुक्त आयोजन में दि. 31 जुलाई 2022 को राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। तत्त्वज्ञान प्रचेता एवं जैन स्कॉलर्स एवं जैन विद्वानों द्वारा परिचर्चा के इस कार्यक्रम में जैन धर्म के सिद्धान्त की आध्यात्मिक एवं वैज्ञानिक सार्थकता जन–जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया।

मुख्य अतिथि सांसद श्री रामचरण बोहरा एवं विशिष्ट अतिथि जयपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त श्री रवि जैन थे। डॉ. धर्मचंद जैन, डॉ. सुषमा सिंघवी, श्री विकास गर्ग, श्रीमती पुखराज सेठिया मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। गुरुदेव के मंगलपाठ के वीडियो से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। स्थानीय बहनों द्वारा मंगलाचरण के पश्चात् तेममं जयपुर सी–स्कीम की अध्यक्ष श्रीमती नीरू पुगलिया एवं जयपुर शहर की अध्यक्ष श्रीमती निर्मला सुराणा ने स्वागत स्वर उकेरे। ट्रस्टी श्रीमती कनक बरमेचा ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रदान की। डॉ. धर्मचन्द जैन ने माइक्रोबायोलॉजी, डॉ. सुषमा सिंघवी ने अपरिग्रह, श्री विकास गर्ग ने कर्मवाद एवं डॉ. पुखराज सेठिया ने जैन ज्योग्रॉफी पर सुन्दर व्याख्या एवं समीक्षा प्रस्तुत की। अभातेममं अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया ने जमीकन्द के विषय में वैज्ञानिक तरीके से समझाया।

उपाध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा, निवर्तमान अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा बैद, रा.का.स. श्रीमती बिमला दूगड़, श्रीमती ममता रांका, श्रीमती प्रज्ञा बांठिया, सभाध्यक्ष श्री नरे महेता, मंत्री श्री पन्नालाल पुगलिया, तेयुप अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र नाहटा, मंत्री श्री अविनाश, तेप्रोफो अध्यक्ष श्री संदीप जैन, मंत्री श्री अभिनव जैन, अणुव्रत समिति अध्यक्ष श्री विमल गोल्छा, मंत्री श्रीमती जयश्री सिद्धा सहित कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही और जैन समाज के लगभग 500 से अधिक व्यक्तियों ने कार्यक्रम में सहभागिता प्रदान की। आभार ज्ञापन स्थानीय मंत्री श्रीमती रेखा बोकड़िया ने किया एवं संचालन श्रीमती प्रज्ञा सुराणा एवं श्रीमती नीलिमा बैद ने किया।

## शृंखलाबद्ध नीवी

आध्यात्मिक प्रवृत्तियां

### जुलाई माह में

01 जुलाई – तुसड़ा – 03
02 जुलाई – थामला – 05
03 जुलाई – टिटिलागढ़ – 09
04 जुलाई – आमली – 03
05 जुलाई – सैंथला – 01
06 जुलाई – मालदा – 04
07 जुलाई – कानोड़ – 14
08 जुलाई – रामपुर – 02
09 जुलाई – रिसड़ा – 32
10 जुलाई – बालासोर – 06
11 जुलाई – सेवंतरी – 32
12 जुलाई – पटियाला – 03
13 जुलाई – समाना – 05
14 जुलाई – श्रीगंगानगर – 13
15 जुलाई – बेलपाड़ा – 04
16 जुलाई – रिंछेड़ – 10
17 जुलाई – भिवानी – 01
18 जुलाई – भीम – 04
19 जुलाई – चारभुजा – 01
20 जुलाई – गंगापुर – 51
21 जुलाई – तसोल – 02
22 जुलाई – कानपुर – 07
23 जुलाई – भवानीपटना – 01
24 जुलाई – कपासन – 05
25 जुलाई – सिरसा – 01
26 जुलाई – किशनगढ़ – 03
27 जुलाई – पहुना – 18
28 जुलाई – बागोर – 39
29 जुलाई – पुर – 21
30 जुलाई – गुलाबबाग – 01
31 जुलाई – पेटलावद – 15

जिन शाखाओं ने अभी तक सहभागिता दर्ज नहीं करवाई है, वे अवश्य अपना नाम संयोजिका के पास आरक्षित करवाएं।

नीवी में तिथि आरक्षित करने हेतु Google Form Link : https://forms.gle/i9i2hmwWTQEHa4oVA (Touch the link to open Google Form)

51 Days! संगठन यात्रा
...Connection at your location...

## बिहार झारखण्ड
## 23 से 29 जुलाई 2022

क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती शशि बोहरा, श्रीमती सीमा बैद, पूर्व रा.का.स. श्रीमती संतोष श्रीमाल

| क्षेत्र | अध्यक्ष | मंत्री |
|---|---|---|
| पटना जंक्शन | श्रीमती पुष्पा बैद | श्रीमती सुमन जैन |
| पटना सिटी | श्रीमती सुनीता बरमेचा | श्रीमती श्रद्धा चौरड़िया |
| चास बोकारो | श्रीमती रेणु चौरड़िया | श्रीमती पूनम बांठिया |
| भागलपुर | श्रीमती सपना मालू | श्रीमती महक बेताला |
| कटिहार | श्रीमती शान्ति संचेती | श्रीमती सुमन पटावरी |
| गुलाबबाग | श्रीमती बीबता गिड़िया | श्रीमती सीमा बिनायकिया |
| भट्टा मधुबनी | श्रीमती स्वाति नाहर | श्रीमती इन्दिरा जैन |
| खुश्कीबाग | श्रीमती सरिता रांका | श्रीमती सीमा डागा |
| अररिया कोर्ट | श्रीमती ज्योति बोथरा | श्रीमती माला छाजेड़ |
| फारबिसगंज | श्रीमती कुसुम भंसाली | श्रीमती समता दूगड़ |
| सुपौल | श्रीमती सरोज देवी सेठिया | श्रीमती रीना जैन |
| निर्मली | श्रीमती इन्दिरा चौपड़ा | श्रीमती सोनिका नाहर |
| किशनगंज<br>सान्निध्य : साध्वीश्री संगीतश्रीजी | श्रीमती संतोष दूगड़ | श्रीमती रचना बोथरा |

## पश्चिम बंगाल - 8 जुलाई 2022

ट्रस्टी श्रीमती सूरज बरड़िया, क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती रमण पटावरी, क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती सोनम बागरेचा, रा.का.स. श्रीमती बबीता भूतोड़िया

| | | |
|---|---|---|
| सैंथिया | श्रीमती चन्द्रप्रभा पुगलिया | श्रीमती निकिता छाजेड़ |
| गुसकरा | श्रीमती उर्मिला मरोठी | |

## पश्चिम बंगाल - 20 जुलाई 2022

परामर्शक श्रीमती लता गोयल, क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती रमण पटावरी, क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती सोनम बागरेचा, रा.का.स. श्रीमती अनुपमा नाहटा

| | | |
|---|---|---|
| लिलुआ | श्रीमती बेला पोरवाल | श्रीमती सुनीता बैद |
| बाली बेलुड़ | श्रीमती प्रीति सिंघी | श्रीमती अंकिता लूणिया |

## पश्चिम बंगाल - 28-29 जुलाई 2022

क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती रमण पटावरी, क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती सोनम बागरेचा, एसोसिएट सदस्य श्रीमती संगीता बाफना

| क्षेत्र | अध्यक्ष | मंत्री |
|---|---|---|
| मालदा | श्रीमती सविता कोठारी | श्रीमती शालिनी बैद |
| रायगंज | श्रीमती सम्पत लोढ़ा | श्रीमती राजकुमारी सिंघी |
| दलखोला | श्रीमती सुमन गधैया | श्रीमती प्रेमलता जैन |
| ईस्लामपुर | श्रीमती सरिता सिंघी | श्रीमती संगीता गोलछा |
| दिनहट्टा | श्रीमती मधु बैद | श्रीमती सीमा छल्लाणी |
| कूचबिहार | श्रीमती मंजु नाहटा | श्रीमती कविता दफ्तरी |
| जयगांव | श्रीमती राजकुमारी घोड़ावत | श्रीमती रेखा जम्मड़ |
| अलीपुरद्वार | श्रीमती चंदा बैद | श्रीमती स्नेहलता बोथरा |

## कर्नाटक - 18-24 जुलाई 2022

क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती सुधा नौलखा, क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती मधु कटारिया, रा.का.स. श्रीमती शशिकला नाहर, रा.का.स. श्रीमती संतोष वेदमुथा

| | | |
|---|---|---|
| श्रीरंगपटना | श्रीमती संगीता दक | श्रीमती नम्रता मेहता |
| पाण्डवपुरा | श्रीमती संगीता चावत | श्रीमती सुमन कटारिया |
| मंड्या सान्निध्य : साध्वीश्री डॉ. गवेषणाश्रीजी | श्रीमती पुष्पा बाफना | श्रीमती पूनम बोहरा |
| हुब्बल्ली सान्निध्य : मुनिश्री हिमांशुकुमारजी | श्रीमती लीलाबाई डोसी | श्रीमती मीनाक्षी वेदमुथा |
| धारवाड़ | श्रीमती सरोज धाकड़ | श्रीमती नीतू पालगोता |
| सौनदत्ती | श्रीमती ममता लुंकड़ | श्रीमती कंचनदेवी |
| गदग | श्रीमती प्रेमलता कोठारी | श्रीमती विजेता भंसाली |
| कोप्पल | श्रीमती मंजू बागरेचा | श्रीमती संगीता संचेती |
| गंगावती | श्रीमती पुष्पादेवी कोचर | श्रीमती निवेदिता सुराणा |
| होसपेट | श्रीमती सीमा जीरावला | श्रीमती संतोष तलेसरा |
| सिंधनूर | श्रीमती विजयश्री नाहर | श्रीमती सुनीता नाहर |
| बेल्लारी | श्रीमती प्रवीणा लुणावत | श्रीमती डिंपल कोठारी |
| हीरियूर | श्रीमती पुष्पादेवी चोपड़ा | श्रीमती लक्ष्मीदेवी लुंकड़ |
| चित्रदुर्ग | श्रीमती कंचन जीरावला | श्रीमती भावना बाफना |
| दावनगेरे | श्रीमती रेखा पोखरना | श्रीमती रिंकू मांडोत |
| हासन | श्रीमती संगीता कोठारी | श्रीमती वनिता सुराणा |
| चिकमगलूर | श्रीमती संगीता गादिया | श्रीमती कविता गादिया |
| शिवमोग्गा | श्रीमती तारा बरलोटा | श्रीमती दीपिका छाजेड़ |
| हन्सूर | श्रीमती चंदा बोहरा | श्रीमती डिंपल मारू |
| नंजनगुड़ एवं सकलेशपुर | श्रीमती तारा बोहरा | श्रीमती ज्योति मुणोत |

# ज्ञान चेतना प्रश्नोत्तरी

## अगस्त 2022

**सन्दर्भ पुस्तक : धर्म है उत्कृष्ट मंगल (पृष्ठ संख्या 88 से 111)**

### एक शब्द में उत्तर दें

1. एकादशांगी का दूसरा अंग कौन सा है ?
2. यथार्थ का प्रतिपादन करने वाली भाषा कौन सी है ?
3. अठारह पापों में दूसरा पाप कौन सा है ?
4. 'दसवेआलियं' सूत्र में मृषा के कितने कारण बतलाए गए हैं ?
5. मृत्यु से अमृतत्व की ओर गमन करना क्या है ?
6. आगमों में चोरी के अर्थ में किस शब्द का प्रयोग हुआ है ?
7. 'ठाणं' सूत्र में अल्पवृष्टि के कितने कारण बतलाए गए है ?
8. आध्यात्मिक साधना के लिए जो गुण अनिवार्य होते है वे कहलाते हैं ?
9. देश मूलगुण प्रत्याख्यान के कितने प्रकार है ?
10. देश उत्तरगुण प्रत्याख्यान के सात प्रकारों में चौथा प्रकार है ?

### रिक्त स्थान की पूर्ति करें

11. पुण्यबन्ध का कारण ............................ का आश्रव – रूप है ।
12. समताधर्म की ............................ कसौटी है।
13. विचार–सम्प्रेषण का माध्यम है ............................।
14. सत्यांचित भाषा बोलने वाले व्यक्ति के लिए अग्नि ............................ बन जाती हैं।
15. कालिमा से ............................ की ओर गति साधना है।
16. पापानुबन्धी पाप – कुछ कर्म अशुभ होते हैं और उनका ............................ भी अशुभ होता है।
17. पापविपाकी पुण्य कर्म– बन्धनकाल में ............................ और उदयकाल में पाप कर्म।
18. साकार प्रत्याख्यान – अपवाद ............................ प्रत्याख्यान।
19. शान्त रस ............................ सुख होता है।
20. ऐन्द्रियक सुखों में प्रमुख स्थान ............................ का है।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें – संयोजिका श्रीमती निर्मला चण्डालिया
मो. 9819418492, Email : nirmalachandaliya@gmail.com

**प्रविष्टि भेजने की अन्तिम तिथि : 20 अगस्त 2022**

Google Form Link : https://forms.gle/CLbDQy1uqoALe1pU9
(Click here to go to Google Form)

### जुलाई 2022 प्रश्नोत्तरी के सही उत्तर

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 01. खेतसी | 02. दस | 03. उपाध्याय | 04. गण | 05. स्वाध्याय |
| 06. अनुप्रेक्षा | 07. मनोज्ञ | 08. आज्ञाविचय | 09. विवेक | 10. आठ |
| 11. सनाथता | 12. समाविष्ट | 13. ज्ञानप्राप्ति | 14. प्रशिक्षु | 15. व्याधि |
| 16. शिथिल | 17. साधन | 18. चार | 19. आश्रव | 20. मोक्ष |

### जुलाई 2022 प्रश्नोत्तरी के भाग्यशाली विजेता

| | | |
|---|---|---|
| 1. मीना नौलखा, चलथान | 2. वर्षा झाबक, भिवण्डी मुंबई | 3. गरिमा चौपड़ा, पाली |
| 4. कविता गधैया, दलखोला | 5. भारती संकलेचा, इचलकरंजी | 6. शकुन्तला मारू, लिम्बायत |
| 7. सम्पत देवी बैद, करीमगंज | 8. प्रेम पारख, बरकतपुरा | 9. दृष्टि सुराणा, साउथ कोलकाता |
| | 10. कंचन श्यामसुखा, पुणे | |

# अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल को प्रदत्त अनुदान

## समस्त अनुदानदाताओं का हार्दिक आभार

| ₹1,11,000 | ₹71,000 | ₹51,000 | ₹51,000 | ₹51,000 |
|---|---|---|---|---|
| तेरापंथ महिला मंडल गांधीनगर बेंगलुरु (भावना सेवा) | तेरापंथ महिला मंडल भुवनेश्वर | तेरापंथ महिला मंडल रायपुर | तेरापंथ महिला मंडल कटक | स्व. श्रीमती मग्घी देवी नाहटा (बुच्चा) की स्मृति में श्रीमती चंदादेवी नाहटा (बुच्चा) छापर – कोलकाता |

| | | | |
|---|---|---|---|
| ₹25,000 | तुलसी फेब्रिक्स इंडिया प्रा. लि. | ₹21,000 | तेरापंथ महिला मंडल, वापी (भावना सेवा) |
| ₹21,000 | तेरापंथ महिला मंडल, बीकानेर (भावना सेवा) | ₹21,000 | श्रीमती कमला देवी श्री अशोकजी चौपड़ा, बाड़मेर |
| ₹21,000 | श्रीमती उषाजी श्री ललितजी चौपड़ा, बाड़मेर | ₹21,000 | तेरापंथ महिला मंडल, ईरोड़ (भावना सेवा) |
| ₹15,100 | तेरापंथ महिला मंडल, कृश्नोई (भावना सेवा) | ₹15,000 | श्रीमती सरसी देवी श्री माणकजी सालेचा बाड़मेर |
| ₹15,000 | श्रीमती मंजू देवी श्री अशोकजी मेहता बाड़मेर | ₹11,000 | तेरापंथ महिला मंडल, वलसाड (भावना सेवा) |
| ₹11,000 | श्रीमती तुलसी देवी सिंघवी, बाड़मेर | ₹11,000 | श्रीमती उषाजी श्री गणपतलालजी भंसाली, बाड़मेर |
| ₹11,000 | श्रीमती मीनाजी श्री दिनेशजी भंसाली, बाड़मेर | ₹11,000 | श्रीमती नीरूजी श्री सरोजजी जैन, बाड़मेर |
| ₹11,000 | तेरापंथ महिला मंडल, पर्वतपाटिया (भावना सेवा) | ₹11,000 | तेरापंथ महिला मंडल, टापरा |
| ₹11,000 | तेरापंथ महिला मंडल, असाडा | ₹11,000 | तेरापंथ महिला मंडल, बाड़मेर |
| ₹11,000 | बायतु की बेटियां जो बाड़मेर की बहुएं हैं | ₹11,000 | श्रीमती ज्योतिजी जैन (अध्यक्ष – तेममं बाड़मेर) |
| ₹11,000 | श्रीमती रेशी बाई बोथरा, बाड़मेर | ₹11,000 | श्रीमती कंकूबेन श्री शंकरलालजी तलेसरा, सेमड़–सूरत |

₹11,000 स्व. श्रीमती छगनी देवी धर्मपत्नी नेमीचंदजी छाजेड की स्मृति में श्री हस्तीमलजी, श्री नेमीचंदजी, श्री गौतमचंदजी, श्री सुरेशकुमारजी, श्री अशोककुमारजी छाजेड़ परिवार, बायतू (भावना चौका)

₹11,000 श्री पारसमलजी, श्री गणपतजी, श्री संदीपजी, श्री विक्रमजी गोलेछा, बाड़मेर

| | | | |
|---|---|---|---|
| ₹11,000 | श्रीमती कान्ताबेन श्री भेरुलालजी नान्देचा, सेमड़–सूरत | ₹11,000 | तेरापंथ महिला मंडल, सेमड़ |
| ₹5,000 | श्रीमती सुखी बाई डोसी, बाड़मेर | | |


पंजीकृत कार्यालय : 'रोहिणी', अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल, लाडनूं (राज.) 341306



**महामंत्री कार्यालय**
मधु देरासरिया
कृष एन्क्लेव F/102, सिटीलाइट
सूरत 395 007. (गुजरात)
मो. 9427133069
Email : madhujain312@gmail.com


नारीलोक
देखने हेतु
Touch to open
www.abtmm.org

Touch to open
www.facebook.com/abtmmjain/

Touch to open
https://bit.ly/abtmmyoutube


**नारीलोक प्राप्ति हेतु सम्पर्क सूत्र**
मंजुला डूंगरवाल
12 सहदेवपुरम
सेलम 636 007. (तमिलनाडु)
मो. 9841399155
Email: pinky28380@gmail.com